## एक नजर में

### सीतामऊ रोड पर निरंतर हो रही सड़क दुर्घटना और जनहानि को लेकर मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन



**मंदसौर** ।मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष डॉ अवधेश प्रताप सिंह 10 अप्रैल शुक्रवार को मंदसौर दौरे पर आयें। इस दौरान सर्किट हाउस पर संजीवनी मानव सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं समाजसेवी डॉ. लाल बहादुर गुड्डू भैया, सूर्य नगर अफजलपुर ने सीतामऊ रोड को लेकर एक ज्ञापन सौंपा ।गुड्डू भैया ने मन्दसौर जिले के मन्दसौर- सीतामऊ मार्ग की दयनीय स्थिति और वहां प्रतिदिन हो रहे भीषण सड़क हादसों के बारे में बताते हुए कहा कि मार्ग की वर्तमान स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। आए दिन हो रही दुर्घटनाओं के कारण कई निर्दोष नागरिक अपनी जान गंवा चुके हैं और कई गंभीर रूप से घायल होकर अपंगता का शिकार हो रहे हैं। इन हादसों के मुख्य कारणों में मार्ग पर कई खतरनाक मो?हैं जहाँ न तो रेडियम संकेतक हैं और न ही पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था।स?क के किनारों पर अतिक्रमण और क्षमता से अधिक भारी वाहनों के दबाव के कारण आवागमन असुरक्षित हो गया है। स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभाग को बार-बार सूचित करने के बावजूद सुरक्षा मानकों में सुधार हेतु कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।गुडडू भैया ने मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष से कहा कि सुरक्षित आवागमन प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है और प्रशासन की लापरवाही के कारण हो रही ये मौतें मानव अधिकारों का सीधा उल्लंघन हैं। अत-आपसे विनम्र प्रार्थना है कि-इस गंभीर समस्या का संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग को मार्ग के तत्काल चौ?ीकरण और मरम्मत के निर्देश दिए जाएं। हादसों वाले संवेदनशील स्थानों को चिह्नित कर वहां आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित किए जाएं। लापरवाह अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए ताकि भविष्य में बहुमूल्य जीवन को बचाया जा सके।

### प्रशासनिक अधिकारी मानव अधिकारों के संरक्षण के लिए प्राथमिकता से कार्य करें : डॉ सिंह



**मंदसौर** ।मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष डॉक्टर अवधेश प्रताप सिंह ने सर्किट हाउस मंदसौर में जिलाधिकारीयों के साथ बैठक ली।बैठक में उन्होंने मानव अधिकारों के उल्लंघन संबंधित प्रकरण की विस्तार से समीक्षा की एवं प्राथमिकता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर अदिती गर्ग, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, एएसपी बघेल, एवं जिला अधिकारी मौजूद थे। मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि सभी अधिकारी तत्परता से मानव अधिकार के संरक्षण के लिए कार्य करें। साथ ही जिले में जितने भी मानव अधिकारों से संबंधित जितने भी प्रकरण लंबित है उनका प्राथमिकता से निराकरण कर उचित कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती गर्ग के द्वारा जिले में चल रही शासकीय योजनाओं के संबंध में मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष को विस्तार से जानकारी दी।

# टीईटी के निर्णय पर पुनर्विचार याचिका फाइल करे सरकार...

**मंदसौर। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ, जिला शाखा मंदसौर द्वारा प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा को एक ज्ञापन सौंपकर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्राथमिक शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता को लेकर दिए गए निर्णय पर पुनर्विचार याचिका दायर करने और विधायी हस्तक्षेप की माँग की गई है।**

संघ के प्रांतीय मीडिया सह प्रभारी रामचंद्र मालवीय, संभागीय अध्यक्ष शंकरलाल आंजना और जिला कोषाध्यक्ष कांतिलाल राठौर ने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 1 सितंबर 2025 को दिए गए निर्णय (सिविल अपील संख्या 1385/2025) के कारण कक्षा 1 से 8 तक कार्यरत सभी शिक्षकों के लिए नियुक्ति तिथि के बंधन के बिना ञ्श्वञ्ज अनिवार्य कर दी गई है। इस निर्णय से मध्य प्रदेश के 70 हजार से अधिक और देश के लगभग 25 लाख शिक्षकों की सेवा सुरक्षा, आजीविका और पदोन्नति पर गंभीर संकट खड़ा हो गया है।



**विधिक प्रावधानों की अनदेखी का आरोप**-ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम (ऋज्ञश्व) 2009 और हृष्टञ्जश्व की 23 अगस्त 2010 की अधिसूचना के तहत, वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को विधिक रूप से अर्हताप्राप्त एवं छूट प्राप्त श्रेणी में रखा गया था।

मध्य प्रदेश में टीईटी की बाध्यता की प्रभावी तिथि 26 मार्च 2011 है। संघ का कहना है कि नवीन न्यायिक निर्णय में इन विधिक अंतरों और पूर्व अधिसूचनाओं की उपेक्षा की गई है, जिससे वर्षों से समर्पित सेवा दे रहे शिक्षकों में गहरा तनाव और असुरक्षा व्याप्त है। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने उपमुख्यमंत्री के माध्यम से मुख्यमंत्री जी से आग्रह किया है कि राज्य शासन तत्काल माननीय सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करे ताकि शिक्षकों के हितों का संरक्षण हो सके। इस विषय को विधानसभा और अन्य मंचों पर उठाकर केंद्र सरकार को संशोधन विधेयक लाने के लिए अवगत कराया जाए। इस अवसर पर प्रांतीय व संभागीय नेतृत्व- रामचंद्र लोहार (प्रांतीय सह मीडिया प्रभारी), शंकरलाल आंजना (संभागीय अध्यक्ष), कांतिलाल राठौर (जिला कोषाध्यक्ष), रामगोपाल सालित्रा जिला उपाध्यक्ष, बृजपालसिंह राठौर जुझारलाल चौहान सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## गांव-बस्ती चलो अभियान में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा पहुंचे ग्रामीण अंचलों में

**मंदसौर। भाजपा के 'गांव चलो, बस्ती चलो' अभियान के तहत प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर चौपालों में ग्रामीणों से संवाद किया।इस दौरान उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा लाभार्थियों का सम्मान भी किया।**

उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी नीतियों के कारण भारत विश्व स्तर पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में उभरा है।वहीं मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सभी वर्गों के कल्याण और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों में छोटे-छोटे कार्यों का प्रचार किया जाता था, जबकि वर्तमान में करोड़ों के विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं।

देवड़ा ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाएं—जैसे आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि और लाड़ली बहना योजना—गरीब, किसान, महिलाओं और युवाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है।



## मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष डॉ. सिंह ने किए बाबा पशुपतिनाथ के दर्शन, अधिकारी-संगठनों के प्रतिनिधियों से भी की बैठक

**मंदसौर।** मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष डॉ अवधेश प्रताप सिंह ने भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन व पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की। तदुपरांत कलेक्टर व अन्य जिला प्रशासन अधिकारियों के साथ बैठक कर सीतामऊ रोड दुर्घटनाओं पर गंभीरता से कार्यवाही के निर्देश के साथ अन्य मानव अधिकार संबंधी प्रकरणों की समीक्षा की।

मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष डॉक्टर अवधेश प्रताप सिंह ने उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा से आत्मीय भेंट कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मंदसौर में मानव अधिकार आयोग अध्यक्ष डॉ सिंह का जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी संगठन के पदाधिकारीयो ने आत्मीय स्वागत किया गया।

**एक नजर** | 100 दिवसीय आयुष्मान आरोग्य शिविर के अंतर्गत संजीत नाका क्षेत्र में लगा स्वास्थ्य शिविर

## टीबी के प्रति जन-जागरूकता और स्क्रीनिंग पर दिया विशेष जोर

**मंदसौर।** 100 दिवसीय आयुष्मान आरोग्य अभियान के तहत दिनांक 10 अप्रैल को कलेक्टर अदिति गर्ग के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोविंद सिंह चौहान के सानिध्य में एक विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर शहर के हाई रिस्क एरिया संजीत नाका, लक्ष्मीबाई चौराहा में आयोजित हुआ।




शिविर का विधिवत शुभारंभ क्षेत्रीय वार्ड पार्षद सत्यनारायण भांभी द्वारा किया गया।इस शिविर का मुख्य उद्देश्य श्रमिक वर्ग और हाई रिस्क क्षेत्र के निवासियों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा टीबी (क्षय रोग) जैसी बीमारियों की समय पर पहचान करना था।

स्वास्थ्य विभाग के टीबीएचवी श्री अजय पाण्डेय ने उपस्थित जनसमुदाय को टीबी रोग के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि लगातार कई दिनों तक खांसी, भूख न लगना, वजन में गिरावट, रात को पसीना आना और बुखार रहना टीबी के संकेत हो सकते हैं। टीबी से घबराने की आवश्यकता नहीं है। बलगम (खंखार) की जांच में पॉजिटिव आने पर 6 माह का नियमित उपचार पूरी तरह स्वस्थ कर देता है। जन-जागृति ही इसका सही इलाज है।

शिविर में आए नागरिकों की व्यापक स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें प्रमुख रूप से एक्सरे के माध्यम से संदिग्ध मरीजों और पूर्व में उपचाररत मरीजों की जांच, हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और बीएमआई का परीक्षण शामिल था। शिविर में चिकित्सा विशेषज्ञों और स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी सेवाएँ दीं, जिनमें मेडिकल कॉलेज से इंटर्न डॉ. इशिका सोनी एवं हेमंत शिल्पी, श्रीमती कांता भंडारी महिला पर्यवेक्षक, फार्मासिस्ट नयन राठौर, एक्स-रे टेक्निशियन नितेश प्रजापत एवं प्रदीप पाटीदार, एएनएम, सिस्टर, उषा कार्यकर्ता एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नीमच

## एक नजर में

### विधायक परिहार ने चौथखेड़ा की चौपाल में सुनी जनसमस्याएं, कार्यकर्ताओं का किया सम्मान



**नीमच।** भारतीय जनता पार्टी के 'गांव चलो अभियान' के अंतर्गत नीमच विधायक दिलीपसिंह परिहार ने ग्राम चौथखेड़ा का भ्रमण किया। विधायक ने ग्राम चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की भाजपा सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से चर्चा कर उनके अनुभवों को जाना। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक लाभ पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने उज्ज्वला, पीएम आवास और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से रूबरू चर्चा कर उनके अनुभव साझा किए।

### भारत विकास परिषद शाखा नीमच का दायित्व ग्रहण समारोह आज



**नीमच।** सेवा संस्कार में अग्रणी भारत विकास परिषद (मध्य भारत पश्चिम प्रांत) शाखा नीमच का सत्र 2026 -27 के लिए गठित नवीन पदाधिकारीयों का दायित्व ग्रहण समारोह आज दिनांक 11 अप्रैल शनिवार को शाम 7:30 बजे से सीएस वी अग्रोहा भवन नीमच पर रखा गया है। नवीन सत्र के लिए अध्यक्ष पुरुषोत्तम गुप्ता, सचिव सतीश गोयल ,कोषाध्यक्ष संदीप दरक अपनी नवगठित कार्यकारिणी के साथ नए सत्र के लिए शपथ लेंगे और दायित्व ग्रहण करेंगे। मीडिया प्रभारी प्रवक्ता मनोज माहेश्वरी एवं निवर्तमान अध्यक्ष रवि पोरवाल, सचिव पिंटू शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में पावन सानिध्य मुख्य अतिथि के रुप में सुभाष पटेल पूर्व सांसद एवं भाजपा जिला संगठन प्रभारी, नीमच , कार्यक्रम की अध्यक्षता श्याम शर्मा अध्यक्ष भारत विकास आयुर्विज्ञान संस्थान कोटा, विशिष्ट अतिथि नीमच क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री दिलीप सिंह जी परिहार, स्वाति गौरव जी चोपड़ा नगर पालिका अध्यक्ष, श्री घनश्याम जी पोरवाल भारत विकास परिषद मध्य भारत पश्चिम प्रांत अध्यक्ष, एवं रीजनल सचिव संपर्क प्रदीप चोपड़ा, जावद शपथ अधिकारी के रूप में उपस्थित रहेंगे। उपरोक्त जानकारी भारत विकास परिषद शाखा नीमच के मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता मनोज माहेश्वरी द्वारा दी गई।

# टेस्ट ड्राइव के बहाने कार चुराकर भागा था युवक

▶ **मनासा में प्रेमिका ने बुलाकर पिटवाया, इंदौर के 6 लोग गिरफ्तार**

**मनासा।** मनासा कस्बे में गुरुवार देर रात सड़क पर सरेआम गुंडागर्दी का मामला सामने आया है। इंदौर के एक कार शोरूम से गाड़ी चोरी कर भागे युवक को शोरूम मालिक और उसके साथियों ने लाठियों से बेरहमी से पीटा। घायल युवक सड़क पर लहूलुहान हालत में तड़पता रहा, लेकिन आसपास मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे। पुलिस ने इस मामले में तीन महिलाओं समेत छह लोगों को हिरासत में लिया है।





**शोरूम से गाड़ी लेकर हुआ था फरार**-पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शाजापुर जिले के मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र के गांव देवरी का रहने वाला 35 वर्षीय प्रकाश पिता नाथूलाल नायक 7 अप्रैल को इंदौर के एमआईजी थाना क्षेत्र स्थित 'डेली ऑटोडील' शोरूम पर गया था। वहां उसने टेस्ट ड्राइव के नाम पर कार मांगी और उसे लेकर फरार हो गया। शोरूम मालिक और उसके साथी तभी से प्रकाश की तलाश कर रहे थे। तलाशी के दौरान उन्हें पता चला कि प्रकाश पिछले एक महीने से मनासा में किराए का कमरा लेकर रह रहा है।

**प्रेमिका के जरिए बिछाया जाल**-शोरूम मालिक और उसके साथियों ने प्रकाश को पकड़ने के लिए उसकी महिला मित्र रेणुका का सहारा लिया।रेणुका ने फोन करके प्रकाश को मिलने के लिए एक निश्चित जगह पर बुलाया। जैसे ही प्रकाश वहां पहुंचा, पहले से घात लगाकर बैठे इंदौर के तीन पुरुषों और तीन महिलाओं ने उसे घेर लिया। जब उनसे कार के बारे में पूछा गया तो प्रकाश ने कहा कि गाड़ी उसके पास नहीं है, उसने उसे बेच दिया है।यह सुनते ही सभी लोग भड़क गए और उस पर लाठियों से हमला कर दिया।

> **पुलिस ने इन आरोपियों को पकड़ा-**
> मनासा थाना प्रभारी निलेश अवस्थी ने बताया कि शुक्रवार सुबह कार्रवाई करते हुए इंदौर निवासी एहसान, शुभम और शेखर के साथ ही दुर्गा, रेणुका और बबीता को हिरासत में लिया गया है। घायल प्रकाश ने अपनी प्रेमिका रेणुका पर भी साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया है। पुलिस फिलहाल सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है और मामले में केस दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है।

**लोग बनाते रहे वीडियो**-प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हमलावर युवक को तब तक पीटते रहे जब तक वह अधमरा नहीं हो गया। प्रकाश बीच सड़क पर खून से लथपथ होकर मदद की गुहार लगाता रहा, लेकिन भीड़ में से कोई भी उसे बचाने आगे नहीं आया। मारपीट के बाद आरोपी मौके से भाग निकले। सोशल मीडिया पर इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई।



## बच्चों के विवाद के बाद दो पक्षों में चली लाठियां, पांच घायल

**नीमच।** जावद में बच्चों के विवाद को लेकर शुक्रवार को दो पक्षों में संघर्ष हो गया। इस घटना में दोनों पक्षों के पांच लोग घायल हुए हैं, जिन्हें नीमच जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरअसल, दो दिन पहले हुए विवाद के बाद आज शुक्रवार को दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है।

गाड़ियों में तोड़फोड़-पत्थरबाजी का लगाया आरोप घायलों में एक पक्ष से आदर्श मोहल्ला जावद निवासी निजाम (30), सद्दाम (35) और शहजाद (38) शामिल हैं। निजाम के सिर में गंभीर चोट आई है और उनका पैर भी फ्रैक्चर बताया जा रहा है। इस पक्ष ने बुकदाद पिता नूर मोहम्मद, जुनैद पिता बुकदाद, मुख्तार पिता रफीक, शाकिर पिता रफीक और रियाज पिता रफीक पर मारपीट, गाड़ियों में तोड़फोड़ और पत्थरबाजी करने का आरोप लगाया है।

मारपीट का वीडियो भी आया सामने जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, दूसरे पक्ष से आदर्श मोहल्ला जावद निवासी मुख्तार (22) और बगदाद (53) भी घायल हुए हैं। बगदाद के सिर में गंभीर चोट आई है।शहजाद पक्ष ने आरोप लगाया है कि हमलावरों ने मारपीट के साथ-साथ घर के बाहर खड़े वाहनों में तोड़फोड़ की और पत्थर भी बरसाए। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें लाठियों से दोनों पक्ष एक दूसरे पर वार कर रहे हैं। फिलहाल, सभी पांचों घायलों का नीमच जिला चिकित्सालय में उपचार जारी है। पुलिस वायरल वीडियो और दोनों पक्षों के बयानों के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

**एक नजर** | विद्यार्थियों ने विधायक सखलेचा का पुष्पवर्षा और तिलक लगाकर किया स्वागत

## सरवानिया महाराज में विद्यार्थियों को 150 नि :शुल्क साइकिलों का वितरण

**सरवानिया महाराज। नगर परिषद के डोम में आज सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं संकुल के अंतर्गत आने वाले सभी शासकीय विद्यालयों के कक्षा 6वीं और 9वीं के पात्र विद्यार्थियों को नि:शुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ओमप्रकाश सखलेचा उपस्थित रहे।**

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विधायक सखलेचा का पुष्पवर्षा एवं तिलक लगाकर स्वागत किया।




संकुल प्राचार्य रामकरण मीणा ने स्वागत भाषण में विधायक द्वारा संचालित 'दीप प्रोजेक्ट' जैसी योजनाओं को विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।वहीं नगर परिषद अध्यक्ष रूपेंद्र सिंह जैन ने विद्यालय में लगभग 53 लाख रुपये की लागत से बन रही विज्ञान प्रयोगशाला के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया और सांदीपनि विद्यालय के लिए नए भवन निर्माण की मांग रखी।

अपने संबोधन में विधायक ओमप्रकाश सखलेचा ने विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ अभिभावकों की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों के लिए इंग्लिश स्पोकन क्लासेस शुरू कराने और विद्यालय के नए भवन निर्माण का आश्वासन भी दिया।

कार्यक्रम के अंत में लगभग 150 विद्यार्थियों को नि:शुल्क साइकिलें वितरित की गईं। आयोजन में बीईओ बी.एल. वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष अर्जुन माली, जनपद अध्यक्ष गोपाल चारण, जिला मंत्री शिवम पुरोहित सहित कई जनप्रतिनिधि, विद्यालय स्टाफ, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक वीरेंद्र कुमार गुर्जर ने किया।